संचिका संख्या–4प / मानदेय–140–01 / 2026 / 43(स्वी०) / पं०रा०

अत्यावश्यक / अभिलम्ब
ई–मेल / फैक्स

**बिहार सरकार**
**पंचायती राज विभाग**

प्रेषक

**नजर हुसैन,**
विशेष सचिव

सेवा में,

**महालेखाकार बिहार,**
वीरचंद पटेल पथ, पटना।

पटना, दिनांक 12/8/2026

**विषयः– वित्तीय वर्ष 2026–27 में ग्राम कचहरी सचिव के नियत मानदेय एवं ग्राम कचहरी न्यायमित्र की नियत फीस राशि के भुगतान हेतु अप्रैल, 2026 से जुलाई, 2026 (04 माह) तक के लिए कुल ₹51,51,36,000.00 (इक्यावन करोड़ इक्यावन लाख छत्तीस हजार रूपये) मात्र की व्यय राशि की स्वीकृति।**

**आदेशः–स्वीकृत।**

बिहार पंचायत राज अधिनियम, 2006 की धारा–94(1) में प्रावधान किया गया है कि प्रत्येक ग्राम कचहरी में एक सचिव होगा जो विहित रीति से नियुक्त किया जायेगा। उक्त धारा के अधीन गठित बिहार ग्राम कचहरी सचिव (नियोजन, सेवाशर्त्त एवं कर्त्तव्य) नियमावली, 2014 के नियम–8(1) में प्रावधान किया गया है कि ग्राम कचहरी अपने द्वारा नियोजित सचिवों को नियत मानदेय का भुगतान करेगी। पंचायती राज विभाग की अधिसूचना संख्या 670 दिनांक 04.09.2025 द्वारा दिनांक 01.07.2025 से ग्राम कचहरी सचिव के नियत मानदेय की राशि ₹9,000.00 (नौ हजार रूपये) प्रतिमाह का प्रावधान किया गया है।

2. बिहार पंचायत राज अधिनियम, 2006 की धारा–94(2) सहपठित धारा–146 के अधीन गठित बिहार ग्राम कचहरी अथवा उसकी किसी न्यायपीठ को अपने कर्त्तव्यों के निर्वहन में सहायता करने के लिए एक न्यायमित्र का नियोजन विहित रीति से किये जाने का प्रावधान किया गया है। उक्त आलोक में गठित बिहार ग्राम कचहरी न्यायमित्र (नियोजन, सेवाशर्त्त एवं कर्त्तव्य) नियमावली, 2007 के नियम–8(1) में ग्राम कचहरी न्यायमित्र (नियोजन, सेवाशर्त्त एवं कर्त्तव्य) (संशोधन) नियमावली, 2015 के आलोक में निर्गत अधिसूचना संख्या 2516 दिनांक 05.05.2015 द्वारा वित्तीय वर्ष 2015–16 से न्यायमित्रों को नियत फीस की राशि ₹7,000.00 (सात हजार रूपये) मात्र प्रतिमाह नियत फीस देय होगी।

3. उपर्युक्त कंडिका–1 एवं 2 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2026–27 में संलग्न विवरणी के अनुसार अप्रैल, 2026 से जुलाई, 2026 तक (04 माह) के लिए ग्राम कचहरी सचिव के नियत मानदेय का कुल **₹28,97,64,000.00 (अठाइस करोड़ संतानवे लाख चौसठ हजार रूपये)** एवं ग्राम कचहरी न्यायमित्र फीस के भुगतान हेतु कुल **₹22,53,72,000.00 (बाइस करोड़ तिरपन लाख बहत्तर हजार रूपये)** अर्थात् कुल **₹51,51,36,000.00 (इक्यावन करोड़ इक्यावन लाख छत्तीस हजार रूपये)** मात्र की राशि की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

4. वित्तीय वर्ष 2026–27 में ग्राम कचहरी सचिव एवं ग्राम कचहरी न्यायमित्र को राशि भुगतान हेतु स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय अन्तर्गत "मुख्यशीर्ष–2515–अन्य ग्राम विकास कार्यक्रम–उप मुख्यशीर्ष–00–लघुशीर्ष–198–ग्राम पंचायतों को सहायता–उपशीर्ष–0010–ग्राम कचहरी के विभिन्न मदों हेतु" मद के "विषय शीर्ष–0010.31.04–सहायक अनुदान–वेतन" ईकाई से विकलनीय होगी। इसकी मांग संख्या–16 एवं विपत्र कोड–16-2515001980010 है।

5. इस स्वीकृत राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी संबंधित जिला के जिला पंचायत राज पदाधिकारी होंगे, निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी का यह दायित्व होगा कि स्वीकृत राशि को संबंधित संविदा कर्मी की उपस्थिति विवरणी के आधार पर सीधे संबंधित संविदा कर्मी ग्राम कचहरी सचिव/न्यायमित्र के खाते में सी०एफ०एम०एस० के माध्यम से अंतरित करेंगे। इस स्वीकृत राशि से पूर्व के बकाये का भुगतान भी नियमानुसार सी०एफ०एम०एस० के माध्यम से किया जा सकेगा।

6. इस स्वीकृत राशि की निकासी संबंधित जिलों के जिला कोषागार से बिहार कोषागार संहिता, 2011 के सुसंगत नियमों के आलोक में की जायेगी। राशि की निकासी के लिए विभाग द्वारा अलग से आवंटनादेश निर्गत किया जायेगा। जिला पंचायत राज पदाधिकारी का यह दायित्व होगा की वे अपने जिला के ग्राम कचहरियों के लिए स्वीकृत एवं आंवटित राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र 18 माह के अन्दर निश्चित रूप से पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को विहित प्रपत्र में उपलब्ध करायेंगे।

7. स्वीकृत राशि से ग्राम कचहरी सचिव/न्यायमित्र के बकाये मानदेय/फीस का भुगतान किया जा सकता है।

8. वित्त विभाग के पत्रांक 7355 दिनांक 05.10.2007 के आलोक में राशि की निकासी हेतु महालेखाकार से प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

9. वित्त विभाग के पत्रांक 12888 दिनांक 03.12.2024 के आलोक में वित्त विभाग, बिहार, पटना की सहमति संचिका संख्या 4प/मानदेय–140–01/2026 में पृष्ठ संख्या 26/टि० दिनांक 24/07/2026 को प्राप्त है।

10. इस स्वीकृत्यादेश प्रारूप पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या 4प/मानदेय–140–01/2026 के पृष्ठ संख्या 06/टि० पर दिनांक 12/05/2026 को प्राप्त है।

11. इस स्वीकृत्योदश प्रारूप पर सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना का अनुमोदन संचिका संख्या 4प/मानदेय–140–01/2026 के पृष्ठ संख्या 30/टि० पर दिनांक 10/08/2026 को प्राप्त है।

12. इस स्वीकृत्योदश प्रारूप पर माननीय मंत्री, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना का अनुमोदन संचिका संख्या 4प/मानदेय–140–01/2026 के पृष्ठ संख्या 07/टि० पर दिनांक 16/05/2026 को प्राप्त है।

कृ०पृ०उ

13. इस स्वीकृत राशि का निर्धारित समय में अंकेक्षण कराने एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र समर्पित करने का दायित्व निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी का होगा।

14. इस स्वीकृत्यादेश तथा संलग्न विवरणी के सभी पृष्ठ विशेष सचिव द्वारा हस्ताक्षरित है।

12/8/24

(नजर हुसैन)
विशेष सचिव

ज्ञापांकः–4प/मानदेय–140–01/2026/4315 पं०रा० पटना, दिनांक 12/8/2026

प्रतिलिपिः–सभी जिला पदाधिकारी/सभी जिला कोषागार पदाधिकारी/सभी जिला पंचायत राज पदाधिकारी, बिहार, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

12/8/26

(नजर हुसैन)
विशेष सचिव

ज्ञापांकः–4प/मानदेय–140–01/2026/4315 पं०रा० पटना, दिनांक 12/8/2026

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

12/8/24

(नजर हुसैन)
विशेष सचिव

ज्ञापांकः–4प/मानदेय–140–01/2026/4315 पं०रा० पटना, दिनांक 12/8/2026

प्रतिलिपिः– प्रभारी पदाधिकारी, प्रशाखा–5 (बजट)/प्रशाखा–07 (उपयोगिता प्रमाण पत्र कोषांग), पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

12/8/26

(नजर हुसैन)
विशेष सचिव

ज्ञापांकः–4प/मानदेय–140–01/2026/4315 पं०रा० पटना, दिनांक 12/8/2026

प्रतिलिपिः– आई०टी० मैनेजर, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को इस स्वीकृत्यादेश को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

12/8/24

(नजर हुसैन)
विशेष सचिव

ज्ञापांकः–4प/मानदेय–140–01/2026/4315 पं०रा० पटना, दिनांक 12/8/2026

प्रतिलिपिः– माननीय मंत्री के आप्त सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

12/8/24

(नजर हुसैन)
विशेष सचिव



Raj

| क्र० | जिला | नियोजित ग्राम कचहरी सचिव की संख्या | ग्राम कचहरी सचिव के नियत मानदेय हेतु स्वीकृत राशि (`9000 प्रतिमाह की दर से) | नियोजित न्यायमित्र की संख्या | ग्राम कचहरी न्यायमित्र के नियत फीस भुगतान हेतु स्वीकृत राशि (`7000 प्रतिमाह की दर से) | कुल स्वीकृत राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 20 | मधुबनी | 386 | 13896000 | 386 | 10808000 | ₹ 2,47,04,000.00 (दो करोड़ सैंतालीस लाख चार हजार रूपया ) |
| 21 | मुंगेर | 96 | 3456000 | 96 | 2688000 | ₹ 61,44,000.00 (इकसठ लाख चवालीस हजार रूपया ) |
| 22 | मुजफ्फरपुर | 373 | 13428000 | 373 | 10444000 | ₹ 2,38,72,000.00 (दो करोड़ अड़तीस लाख बहत्तर हजार रूपया ) |
| 23 | नालंदा | 230 | 8280000 | 230 | 6440000 | ₹ 1,47,20,000.00 (एक करोड़ सैंतालीस लाख बीस हजार रूपया ) |
| 24 | नवादा | 182 | 6552000 | 182 | 5096000 | ₹ 1,16,48,000.00 (एक करोड़ सोलह लाख अड़तालीस हजार रूपया ) |
| 25 | पश्चिम चंपारण | 303 | 10908000 | 303 | 8484000 | ₹ 1,93,92,000.00 (एक करोड़ तिरानवे लाख बानवे हजार रूपया ) |
| 26 | पटना | 307 | 11052000 | 307 | 8596000 | ₹ 1,96,48,000.00 (एक करोड़ छियानवे लाख अड़तालीस हजार रूपया ) |
| 27 | पूर्वी चंपारण | 396 | 14256000 | 396 | 11088000 | ₹ 2,53,44,000.00 (दो करोड़ तिरपन लाख चवालीस हजार रूपया ) |
| 28 | पूर्णिया | 230 | 8280000 | 230 | 6440000 | ₹ 1,47,20,000.00 (एक करोड़ सैंतालीस लाख बीस हजार रूपया ) |
| 29 | रोहतास | 229 | 8244000 | 229 | 6412000 | ₹ 1,46,56,000.00 (एक करोड़ छियालिस लाख छप्पन हजार रूपया ) |
| 30 | सहरसा | 135 | 4860000 | 135 | 3780000 | ₹ 86,40,000.00 (छियासी लाख चालीस हजार रूपया ) |
| 31 | समस्तीपुर | 346 | 12456000 | 346 | 9688000 | ₹ 2,21,44,000.00 (दो करोड़ इक्कीस लाख चवालीस हजार रूपया ) |
| 32 | सारण | 318 | 11448000 | 318 | 8904000 | ₹ 2,03,52,000.00 (दो करोड़ तीन लाख बावन हजार रूपया ) |
| 33 | शेखपुरा | 49 | 1764000 | 49 | 1372000 | ₹ 31,36,000.00 (इकतीस लाख छत्तीस हजार रूपया ) |
| 34 | शिवहर | 53 | 1908000 | 53 | 1484000 | ₹ 33,92,000.00 (तैंतीस लाख बानवे हजार रूपया ) |
| 35 | सीतामढ़ी | 258 | 9288000 | 258 | 7224000 | ₹ 1,65,12,000.00 (एक करोड़ पैंसठ लाख बारह हजार रूपया ) |
| 36 | सिवान | 283 | 10188000 | 283 | 7924000 | ₹ 1,81,12,000.00 (एक करोड़ इक्यासी लाख बारह हजार रूपया ) |
| 37 | सुपौल | 174 | 6264000 | 174 | 4872000 | ₹ 1,11,36,000.00 (एक करोड़ ग्यारह लाख छत्तीस हजार रूपया ) |
| 38 | वैशाली | 278 | 10008000 | 278 | 7784000 | ₹ 1,77,92,000.00 (एक करोड़ सतहत्तर लाख बानवे हजार रूपया ) |
| कुल राशि | | **8049** | 289764000 | **8049** | 225372000 | ₹ **51,51,36,000.00** (इक्यावन करोड़ इक्यावन लाख छत्तीस हजार रूपया ) |

12/8/24

(निजर हुसैन)

विशेष सचिव

बिहार सरकार

पंचायती राज विभाग

विवरणीः–1

ग्राम कचहरी सचिव एवं ग्राम कचहरी न्यायमित्र को वर्ष 2026–27 में नियत मानदेय एवं नियत फीस राशि की भुगतान हेतु स्वीकृत राशि

| क्र० | जिला | नियोजित ग्राम कचहरी सचिव की संख्या | ग्राम कचहरी सचिव के नियत मानदेय हेतु स्वीकृत राशि (`9000 प्रतिमाह की दर से) | नियोजित न्यायमित्र की संख्या | ग्राम कचहरी न्यायमित्र के नियत फीस भुगतान हेतु स्वीकृत राशि (`7000 प्रतिमाह की दर से) | कुल स्वीकृत राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | अररिया | 211 | 7596000 | 211 | 5908000 | ₹ 1,35,04,000.00 (एक करोड़ पैंतीस लाख चार हजार रूपया ) |
| 2 | अरवल | 64 | 2304000 | 64 | 1792000 | ₹ 40,96,000.00 (चालीस लाख छियानवे हजार रूपया ) |
| 3 | औरंगाबाद | 200 | 7200000 | 200 | 5600000 | ₹ 1,28,00,000.00 (एक करोड़ अट्ठाइस लाख रूपया ) |
| 4 | बांका | 182 | 6552000 | 182 | 5096000 | ₹ 1,16,48,000.00 (एक करोड़ सोलह लाख अड़तालीस हजार रूपया ) |
| 5 | बेगुसराय | 217 | 7812000 | 217 | 6076000 | ₹ 1,38,88,000.00 (एक करोड़ अड़तीस लाख अट्ठासी हजार रूपया ) |
| 6 | भागलपुर | 238 | 8568000 | 238 | 6664000 | ₹ 1,52,32,000.00 (एक करोड़ बावन लाख बत्तीस हजार रूपया ) |
| 7 | भोजपुर | 226 | 8136000 | 226 | 6328000 | ₹ 1,44,64,000.00 (एक करोड़ चवालीस लाख चौंसठ हजार रूपया ) |
| 8 | बक्सर | 136 | 4896000 | 136 | 3808000 | ₹ 87,04,000.00 (सतासी लाख चार हजार रूपया ) |
| 9 | दरभंगा | 308 | 11088000 | 308 | 8624000 | ₹ 1,97,12,000.00 (एक करोड़ सत्तानवे लाख बारह हजार रूपया ) |
| 10 | गया | 320 | 11520000 | 320 | 8960000 | ₹ 2,04,80,000.00 (दो करोड़ चार लाख अस्सी हजार रूपया ) |
| 11 | गोपालगंज | 230 | 8280000 | 230 | 6440000 | ₹ 1,47,20,000.00 (एक करोड़ सैंतालीस लाख बीस हजार रूपया ) |
| 12 | जमुई | 152 | 5472000 | 152 | 4256000 | ₹ 97,28,000.00 (सत्तानवे लाख अट्ठाइस हजार रूपया ) |
| 13 | जहानाबाद | 88 | 3168000 | 88 | 2464000 | ₹ 56,32,000.00 (छप्पन लाख बत्तीस हजार रूपया ) |
| 14 | कैमूर | 146 | 5256000 | 146 | 4088000 | ₹ 93,44,000.00 (तिरानवे लाख चवालीस हजार रूपया ) |
| 15 | कटिहार | 231 | 8316000 | 231 | 6468000 | ₹ 1,47,84,000.00 (एक करोड़ सैंतालीस लाख चौरासी हजार रूपया ) |
| 16 | खगड़िया | 113 | 4068000 | 113 | 3164000 | ₹ 72,32,000.00 (बहत्तर लाख बत्तीस हजार रूपया ) |
| 17 | किशनगंज | 125 | 4500000 | 125 | 3500000 | ₹ 80,00,000.00 (अस्सी लाख रूपया ) |
| 18 | लखीसराय | 76 | 2736000 | 76 | 2128000 | ₹ 48,64,000.00 (अड़तालीस लाख चौंसठ हजार रूपया ) |
| 19 | मधेपुरा | 160 | 5760000 | 160 | 4480000 | ₹ 1,02,40,000.00 (एक करोड़ दो लाख चालीस हजार रूपया ) |